# पूर्णिमा पर नर्मदा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**नर्मदापुरम, 1 मई. वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पावन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी में श्रद्धा की डुबकी लगाई. सुबह 5 बजे से ही सेठानी घाट, कोरी घाट,विवेकानंद घाट, पर्यटन घाट, गोंदरी घाट और बांद्राभान जैसे प्रमुख घाटों पर स्नान का क्रम आरंभ हो गया.**

स्नान कर दान-पुण्य और भगवान सत्य नारायण की कथा का आयोजन दोपहर तक चला.पवित्र स्नान के साथ ही श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा सत्यनारायण कथा का आयोजन किया. वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा. दोपहर में विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया. यह दिन गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण से जुड़ा है. मान्यता है कि बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी. इसलिए इस दिन स्नान, दान और धर्म प्रचार का विशेष महत्व माना जाता है.बुद्ध पूर्णिमा, जिसे वैशाख पूर्णिमा भी कहा जाता है, पर किए गए पुण्य कर्म, दान और सेवा को अत्यंत फलदायी माना जाता है. यह पर्व मानवता, करुणा और अहिंसा का संदेश देता है, जो आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करता है.



## सेठानीघाट पर मां नर्मदाकी महाआरती

**नर्मदापुरम .** सेठानीघाट पर परम्परागत रूप से होने वाली मां नर्मदाकी महाआरती वैशाख शुक्ल पूर्णिमा को प्राचीन नर्मदा मंदिर के सामने पंच विप्रजनों द्वारा की गई. नर्मदा महाआरती के संयोजक प्रशान्त मुन्नू दुबे ने बताया कि महाआरती का यह आयोजन मई 2009 में महन्त प्रज्ञा भारती जी के सानिध्य में तथा पूर्व विधायक पं गिरिजा शंकर शर्मा के मार्गदर्शन में सेठानी घाट पर प्रारंभ हुआ था . तब से आज तक लगातार पूर्णिमा और विभिन्न राष्ट्रीय और धार्मिक पर्वों पर नगरवासियों की आस्था एवं विश्वास का आयोजन बन गया है.

# प्लॉट विवाद में पूर्व पार्षद और आरक्षक भिड़े

▶ पत्थरबाजी में तीन घायल , दोनों पक्षों पर केस दर्ज

**नर्मदापुरम, 1 मई. रसूलिया स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में गुरुवार रात प्लॉट की नाप-जोख के दौरान पूर्व भाजपा पार्षद मुन्ना यादव और पुलिस आरक्षक प्रकाश बरखने उर्फ सोनू के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी और मारपीट शुरू हो गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई.**

इस घटना में आरक्षक प्रकाश बरखने, मुन्ना यादव और उनके बेटे समर्थ यादव गंभीर रूप से घायल हो गए.सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. मुन्ना यादव का आरोप है कि प्रकाश बरखने पिछले दो सालों से उनसे मुफ्त में प्लॉट मांग रहा था. जब मुन्ना यादव अपने प्लॉट की नपती करवा रहे थे, तब प्रकाश ने उनसे विवाद शुरू कर दिया और उनके सिर पर पत्थर से वार किया. दूसरी ओर, प्रकाश बरखने का पक्ष है कि मुन्ना ग्वाला और उनके बेटे ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. घटना के बाद दोनों पक्ष खून से सने हालत में थाने पहुंचे और अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराई.

देहात थाने के एसआई अरविंद बेले ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई है. प्रकाश बरखने की शिकायत पर मुन्ना ग्वाला और उनके बेटे समर्थ के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. वहीं, मुन्ना ग्वाला की शिकायत पर प्रकाश बरखने, वीरेंद्र चौहान और एक अन्य के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज हुआ है. रात 11.30 बजे दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किए गए. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## दंपति से मारपीट

इटारसी, 1 मई. थाना पथरौटा के अंतर्गत ग्राम गोंची तरोंदा में एक वृद्ध दंपति के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है. आरोपी राजेश ठाकुर, योगेश ठाकुर और पूरन ठाकुर ने मिलकर फरियादी लक्ष्मी बाई 70 वर्ष और उनके पति शीतलदास चौरे 77 वर्ष के साथ उनके घर के सामने गाली-गलौज की. इस दौरान आरोपियों ने दंपति के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी. आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है. इसके अलावा थाना रामपुर गुरा के ग्राम गुरा में मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है. पुलिस के अनुसार, आरोपी देव कहार ने फरियादी रंजीत चौरे 30 वर्ष के साथ मां-बहन की गालियां देते हुए अभद्रता की और उन पर ब्लेड से हमला कर चोट पहुंचाई. आरोपी ने फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी.

# मंदिर का स्थापना दिवस समारोह आज से शुरू



**हरदा, 1 मई. जिला अस्पताल परिसर में स्थित हनुमान मंदिर और राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर के स्थापना दिवस पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है.**

हनुमान मंदिर की स्थापना 20 वर्ष पहले हुई थी, जबकि राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर 11 वर्ष पहले स्थापित हुआ था. आयोजन समिति से जुड़े राजेश पाटनी ने बताया कि यह कार्यक्रम 2 और 3 मई को होगा.आयोजन के पहले दिन, 2 मई शनिवार को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा. इसमें शहर के आम लोगों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी शामिल होंगे. आयोजकों ने 51 हजार पाठ का लक्ष्य निर्धारित किया है और आमजन से भी इसमें शामिल होने का आग्रह किया है. दूसरे दिन, 3 मई रविवार को विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में क्षेत्र की खुशहाली की कामना के लिए अभिषेक, हवन, पूजन और महाआरती की जाएगी.

# आशा, ऊषा कार्यकर्ताओं का 7 दिवसीय आंदोलन शुरू

▶ 8 महीने से मानदेय नहीं मिलने से असंतोष

**सिवनी मालवा 1 मई. एक ओर पूरा देश शुक्रवार मजदूर दिवस मना रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली आशा, उषा एवं आशा पर्यवेक्षक कार्यकर्ता अपने हक के लिए सड़कों पर संघर्ष करने को मजबूर हैं.**

सिवनी मालवा तहसील कार्यालय के सामने जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम बबीता चौबे के नेतृत्व में समस्त कार्यकर्ताओं ने चिलचिलाती धूप में धरना प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने ऐलान किया है कि वे 7 मई तक तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन जारी रखेंगी.धरने पर बैठी इन महिला कार्यकर्ताओं ने बताया कि 8 महीनों से मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है.

**▶ ये हैं प्रमुख मांगें**

8 माह से लंबित मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का तत्काल भुगतान. केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा घोषित मानदेय वृद्धि को लागू करना. मासिक मानदेय का समय पर नियमित भुगतान. स्वास्थ्य सुविधाओं एवं विभागीय संसाधनों में सुधार. सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करना.

## ▶ सिवनी मालवा में आज किसान क्रांति आंदोलन होगा

**सिवनी मालवा 1 मई.** सिवनी मालवा क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 2 मई को किसान क्रांति आंदोलन किया जाएगा. इसके लेकर प्रशासन और किसानों के बीच बातचीत हुई. सिवनी मालवा एसडीएम कार्यालय में किसानों के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम ने किसानों की समस्याओं और उनके निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की. बैठक में किसान नेता समित पटेल ने बताया कि आंदोलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. उन्होंने कहा कि सभी किसान शनिवार सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय के सामने एकत्रित होंगे और एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपेंगे. किसान संतोष पटवारे ने बताया कि एसडीएम के समक्ष किसानों के सभी प्रमुख मुद्दे रख दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि हमने प्रशासन से स्पष्ट कहा है कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए. संबंधित विभागों से चर्चा कर हमें स्थिति से अवगत कराया जाए. किसान लंबे समय से परेशान हैं और अब स्थायी समाधान चाहते हैं. किसान अजय सिंह भाटी ने बताया कि हमने गांव-गांव जाकर किसानों को आमंत्रित किया है. आंदोलन की पूरी तैयारी हो चुकी है. उन्होंने किसानों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है.

# शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**पिपरिया, 1 मई. शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई. प्राचार्य राजीव माहेश्वरी ने बताया कि कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी जो अपने संकाय के स्थान पर स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षा में अन्य संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे अपने संबधी अग्रणी महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होंगे.**

कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण छात्र का स्नातक प्रथम वर्ष कला/वाणिज्य संकाय में प्रवेश लेंगे. कक्षा 12वीं कला संकाय से उत्तीर्ण छात्र का स्नातक प्रथम वर्ष विज्ञान/ वाणिज्य संकाय में प्रवेश लेंगे. कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण छात्र का स्नातक प्रथम वर्ष कला/विज्ञान संकाय में प्रवेशके लिए साक्षात्कार 14 मई तक समय-11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक होंगे. स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर / माइनर विषय से प्रवेश हेतु ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे. इसके अतिरिक्त अन्य विषय / संकाय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साक्षात्कार में शामिल होना होगा.

साक्षात्कार 14.05.2026 तक समय-11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक होगा.

## ▶ एक नजर में

### न्याशा ने टेबल टेनिस जीता स्वर्ण पदक



सिवनी मालवा, 1 मई. केंद्रीय विद्यालय सिवनी मालवा की कक्षा 11वीं की छात्रा न्याशा बिशन सिंह रघुवंशी ने इंदौर में आयोजित रीजनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है. यह प्रतियोगिता 28 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच इंदौर में आयोजित हुई थी. उल्लेखनीय है कि न्याशा रघुवंशी तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब नाजिर बिशन सिंह रघुवंशी की पुत्री हैं. उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया है.

### पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

**पिपरिया, 1 मई.** अखिल भारतीय पटवा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक ठाकुरदास नागवंशी से उनके निवास पर की. पटवा समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल कुमार पटवा, नगर अध्यक्ष पिपरिया ओमप्रकाश चौहान , नगर उपाध्यक्ष विनोद कुमार पाटकर ,सचिव अभिनेष पटवा प्रदीप पटवा , नर्मदा प्रसाद पटवा आदि ने विधायक को पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन की मां का ज्ञापन सौंपा गया. पदाधिकारियों ने विधायक को 3 मई के नर्मदापुरम के कार्यक्रम में होने वाली बैठक में आने का आमंत्रण भी दिया. विधायक ने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि बोर्ड गठन के संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बोर्ड गठन की अनुशंसा करेंगे.

### बिजली चोरी की सूचना पर इनाम मिलेगा

**हरदा, 1 मई.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही योजना को अब और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया गया है. योजना के संशोधित प्रावधानों के अनुसार, बिजली के अवैध उपयोग की सटीक सूचना देने वाले सूचनाकर्ताओं को अब प्रोत्साहन राशि के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा. कंपनी ने निर्णय लिया है कि सूचना सही पाए जाने और अंतिम निर्धारण आदेश जारी होने के तुरंत बाद सूचनाकर्ता को कुल 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि में से 5 प्रतिशत राशि का भुगतान तत्काल कर दिया जाएगा. शेष 5 प्रतिशत राशि की अदायगी आरोपी से राशि की पूर्ण वसूली होने के उपरांत की जाएगी.

# पुलिस कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के निर्देश

**नर्मदापुरम, 1 मई.** जिले में पदस्थ समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें.यह नियम केवल ड्यूटी के दौरान ही नहीं, बल्कि कहीं भी वाहन संचालन के समय लागू रहेगा.इसमें पुलिस लाइन, थाना परिसर, शासकीय भवन एवं सार्वजनिक मार्ग सभी शामिल हैं. एस पी साईं कृष्णा थोटा ने आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी बिना हेलमेट या यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी.

## पटवा वैश्य महासभा का शपथ ग्रहण समारोह 3 को

**नर्मदापुरम, 1 मई.** मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित पटवा मंगल भवन में 3 मई को अखिल भारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा का शपथ ग्रहण समारोह होगा. समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सीतासरन शर्मा तथा अखिल भारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत पटवा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे.इनके साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं नवमनोनीत पदाधिकारी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे.

## नेहरू पार्क में आज विशेष योग कार्यक्रम

**नर्मदापुरम.** नर्मदापुरम में 2 मई को विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. जिला आयुष विभाग द्वारा यह आयोजन प्रात: 6:30 बजे नेहरू पार्क में किया जाएगा. जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस. आर. करोंजिया के निर्देशानुसार कार्यक्रम का मार्गदर्शन नोडल अधिकारी डॉ. नीरज यादव, डॉ. अशोक पुष्कर, डॉ. सविता पुष्कर एवं डॉ. संदीप रघुवंशी करेंगे. कार्यक्रम में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रशिक्षक कमलेश गौर एवं अन्य योग सहायकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा. जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है.

# शिक्षा को बढ़ावा देने योजनाएं संचालित : सांसद

▶ नि :शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**बनखेड़ी, 1 मई. सांदीपनि विद्यालय में विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों साइकिलें प्रदान की गई.**




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी थे. इस अवसर पर सांसद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा को बढ़ावा देने एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं. नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा. कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हरीश मालानी, तहसीलदार अंजू लोधी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश सराठे, संजीव मालानी, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान के सदस्य नीतिराज सिंह पटेल, संकल्प संस्था के संस्थापक निरंजन वैष्णव भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवती पटेल, पलाश शुक्ला, छोटे साहब, रमेश पटेल कमल किशोर मनोज राय अमित माहेश्वरी अविनेश पटेल हेमराज पटेल प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु बड़कुर उपस्थित रहे.

# केंद्र के समान महंगाई राहत की मांग

**नर्मदापुरम, 1 मई.** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रदेश के पेंशनरों को 1 जनवरी 2026 से केंद्र सरकार के समान 2 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाए. इस संबंध में मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर ध्यान आकर्षित किया गया है. जिलाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्र सरकार ने हाल ही में अपने पेंशनरों की महंगाई राहत बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दी है, जबकि राज्य में यह अभी 58 प्रतिशत है. एसोसिएशन ने इसे असमानता बताते हुए कहा कि महंगाई का प्रभाव सभी पर समान होता है, इसलिए राहत में अंतर करना अनुचित है.

# सोनी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष बने

**खिरकिया,1 मई.** श्री माहेश्वरी समाज खिरकिया के त्रैवार्षिक चुनाव माहेश्वरी भवन में हुए. खिरकिया इकाई चुनाव के लिए डॉ. ब्रजेश हेड़ा को पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया.समाज के वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम कोठारी को चुनाव अधिकारी का दायित्व सौंपा गया. चुनाव में पूनमचंदजी सोनी को पुन: निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया. सचिव पद पर आशुतोष कोठारी , उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, सह सचिव रितेश मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत हेड़ा, संगठन मंत्री के रूप में ओमप्रकाश मूंदड़ा (बाऊजी)का निर्विरोध निर्वाचन किया गया.

# कांग्रेस की सहप्रभारी 3-4 को बैठकें लेंगी

**इटारसी, 1 मई.** अखिल भारतीय कांग्रेस की सचिव एवं मध्य प्रदेश की सह प्रभारी उषा नायडू 3 एवं 4 मई को नर्मदापुरम जिले के दौरे पर रहेंगी. जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय सभी कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे. उषा नायडू 3 मई को प्रात: 11 बजे सोहागपुर में बैठक में शामिल होंगी. दोपहर 3 बजे पिपरिया में होटल रिजटांस में बैठक होगी. 4 मई को प्रात: 11 बजे कार्यालय इटारसी में जिला समन्वय समिति के बैठक एवं नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में भाग लेंगी. दोपहर 3 बजे सिवनी- मालवा में बैठक होगी.


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार चमनलाल एवं रमेश दोनों आ0 तुलाराम दोनों नि0 ग्राम खापरखेडा तह0 पिपरिया जिला नर्मदापुरम् के नाम का डाईवर्टेड भूखंड स्थित मौजा खापरखेडा प.ह.नं. 15 तह0 पिपरिया जिला नर्मदापुरम् जिसका डॉ0ख0नं0 209/1/2 में से रकवा 2020 वर्ग मीटर / 0 .202 हे0 है जिसके पूर्व मे कृष्णगोपाल डांगा का रकवा, पश्चिम में भागवती बाई का रकबा उत्तर में रमेश चमन का रकवा एवं दक्षिण में रोड हैं उक्त सम्पत्ति पर मेरा पक्षकार म0प्र0 ग्रामीण बैंक शाखा खापरखेडा से ऋण ले रहा हैं। इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि जिस किसी व्यक्ति / प्राईवेट या शासकीय संस्था को आपत्ति हो तों सात दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति पेश करे। इस जाहिर सूचना की निर्धारित समय अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक -- 30/04/2026

भवदीय

कपिल तिवारी, अधिकृत बैंक अधिवक्ता

पिपरिया, मो - 9893222047


**जनगणना** ▶ गांव में मकानों का नक्शा किया तैयार

# जिले में मकान सूचीकरण कार्य प्रारंभ

**हरदा, 1 मई. भारत की जनगणना 2026-27 के अंतर्गत हरदा जिले में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का काम प्रारंभ हो गया है. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना कार्य के लिए चार्ज निर्धारित किए गए हैं तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर उन्हें क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं.**

1 मई से प्रारंभ होकर 30 मई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान प्रगणक घर-घर पहुंचकर मकानों का सूचीकरण करेंगे तथा भवन क्रमांक अंकित करने के साथ आवास संबंधी आवश्यक जानकारी संकलित करेंगे.



जनगणना के इस चरण में मकान की संरचना, परिवार के सदस्यों की संख्या तथा पेयजल, विद्युत, शौचालय, रसोई गैस, वाहन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी दर्ज की जाएगी. साथ ही भवनों की जियो-टैगिंग कर डिजिटल मैपिंग भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आंकड़ों का वैज्ञानिक एवं सटीक संकलन हो सके.

शुक्रवार को मकान सूचीकरण प्रक्रिया के लिये एचएलबी भ्रमण किया गया. मकानों की गणना के कार्य अंतर्गत जिले के ग्राम खारपा में नियुक्त जनगणना कर्मी बिन्देश कुमार एवं अवसार मंसूरी द्वारा गांव के मकानों का नक्शा तैयार किया गया.

## 30 तक चलेगा अभियान

**नर्मदापुरम.** जनगणना के अंतर्गत जिले में पहले चरण के रूप में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं. कलेक्टर के निर्देशन में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य विभाजन कर जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं. यह अभियान 30 मई तक संचालित होगा. इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण करेंगे, भवन क्रमांक अंकित करेंगे और आवास से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे.

# विद्यार्थियों ने फहरया सफलता का परचम

▶ कक्षा 10वीं के सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण

**नर्मदापुरम, 1 मई. संभाग का एकमात्र आईसीएसई बोर्ड स्कूल समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल पिपरिया का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा. इस वर्ष परीक्षा में 9 बच्चे शामिल हुए. इनमें से सात बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे. जबकि दो विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की.**

समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा ने प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि यह शिक्षकों के योग्य मार्गदर्शन और बच्चों के परिश्रम का परिणाम है. प्राचार्य कल्पना शर्मा ने भी शिक्षकों और बच्चों की खूब सराहना की. विद्यार्थी कार्तिक पटेल ने शारीरिक शिक्षा विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित कर एक रिकॉर्ड कायम किया.



**▶ परीक्षा परिणाम एक नजर में**

कार्तिक पटेल - 88 प्रतिशत
कनक सोनी - 80 .4 प्रतिशत
आर्या पटेल - 75 .8 प्रतिशत
पार्थ पटेल - 74 .6 प्रतिशत
हर्षिता पटेल - 69 .6 प्रतिशत
ब्रजलता पटेल - 68 .6 प्रतिशत
मुस्कान पुर्विया - 66 .6 प्रतिशत
सम्राट पटेल - 59 .2 प्रतिशत
खुशी पटेल - 54 .8 प्रतिशत